

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरदून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुवाहाटी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए ग्राम धनौरी, रूड़की निवासी भारतीय सेना के जवान सोनित कुमार सैनी के घर पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, विधायक प्रदीप बत्रा एवं सुरेश राठौर ने भी शहीद जवान सोनित कुमार सैनी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विजयादशमीध् दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। शक्ति की उपासना का यह पर्व, हमें जीवन की कठिनाइयों से पार पाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने विजयादशमी पर्व पर प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए सभी से कोविड गाइडलाइन को ध्यान में रखकर त्योहार मनाने की अपील भी की है।

### 17 अक्टूबर को खिताब के लिए भिड़ेंगे दून ए और दून बी

**संवाददाता** देहरादून। इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर–25 क्रिकेट लीग में देहरादून ए ने प्रेसीडेंट इलेवन को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, देहरादून बी ने हरिद्वार को 38 रन से हराकर फाइनल में जगह पक्की की है। अब इस प्रतियोगिता के खिताब के लिए देहरादून ए और देहरादून बी के बीच 17 अक्टूबर को भिड़ंत होगी।

### रियलमी ने रियलमी जीटी नियो 2 5जी किया प्रस्तुत

**संवाददाता** देहरदून। 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड और भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी जीटी सीरीज में नया सदस्य, रियलमी जीटी नियो 2 5जी प्रस्तुत किया। यह परफेक्ट बैलेंस प्रदान करने वाला प्रीमियम मिड–रेंज स्मार्टफोन है। जीटी परिवार में नियो के शामिल होने से रियलमी की एक नई शुरुआत हुई है, जिसमें जीटी अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी का प्रतीक है तथा नियो में रियलमी का भविष्य के लिए यूथफुल एवं आशान्वित दृष्टिकोण प्रदर्शित होता है।

# ऑफ सीजन टूरिज्म की है व्यापक सम्भावनाएंः सीएस

**निर्देश**

- मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश
- पर्वतारोहियों एवं ट्रैकर्स की सुरक्षा के लिए अन्य आवश्यक इंतजाम भी सुनिश्चित किए जाए

**संवाददाता**



देहरदून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि माउंटेनियर्स और ट्रैकर्स के लिए रिस्टबैंड की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें सैटेलाईट व अन्य माध्यमों से उनकी लोकेशन की जानकारी मिल सके। सर्च ऑपरेशन्स में इससे काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्वतारोहियों एवं ट्रैकर्स की सुरक्षा के लिए अन्य आवश्यक इंतजाम भी सुनिश्चित किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में चारधाम यात्रा सीजनल होती है, परन्तु ऑफ सीजन टूरिज्म की व्यापक सम्भावनाएं है। इन्हें तलाशते हुए योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सबसे पहले कनेक्टिविटी पर कार्य किया जाए। हेलीपैड्स एवं हेलीपोर्ट्स के निर्माण पर शीर्घ से शीघ्र कार्य किया जाए। पर्यटन स्थलों में हेलीपैड्स विकसित करने के लिए प्राथमिकता तय की जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पर्यटन विकास की बहुत अधिक सम्भावनाएं हैं, परन्तु कनेक्टिविटी के कारण पिछड़ रहे हैं, उन क्षेत्रों में प्राथमिकता पर फोकस किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि यात्रा मार्गों पर हर 20, 30 किलोमीटर पर पानी व टॉयलेट आदि की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं, ताकि यात्रियों और आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए सुचारू संचालन के लिए छोटी–छोटी शॉप्स आदि की व्यवस्था की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर सभी उम्र के पर्यटकों के अनुसार सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए।

युवा वर्ग टेक्नोलॉजी का बहुत प्रयोग करता है। युवाओं को प्रत्येक जानकारी फोन पर चाहिए इसके लिए ऐसी ऐप और वेबसाईट तैयार की जाए जिस पर हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध हो, परन्तु वृद्धों के लिए ऑफलाईन जानकारियों की व्यवस्था भी रखी जाए। ऐप और वेबसाईट को सिटीजन फ्रेंडली एवं ईजी टू यूज बनाया जाए। पर्यटन स्थलों को बच्चों के सैर–सपाटे के अनुरूप भी विकसित किया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव ने सभी कार्य योजनाओं पर समयबद्धता के साथ कार्य किया जाए। प्रत्येक कार्य के लिए समयसीमा पूर्व में ही निर्धारित की जाएं। प्रत्येक योजना को साप्ताहिक अथवा पाक्षिक मॉनिटरिंग की जाए, ताकि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण हो सके। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मार्केटिंग और पब्लिसिटी पर भी विशेष फोकस किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, अपर सचिव युगल किशोर पंत एवं सीईओ युकाडा श्रीमती स्वाति भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए

मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा ऐसे क्षेत्रों में पर्यटन की सम्भावना होने के बावजूद, सुविधाओं के अभाव के कारण यह सब सम्भव नहीं हो पा रहा है, वहां रिसोर्ट विकसित किए जा सकते हैं, जिन्हें शुरुआत में जीएमवीएन एवं केएमवीएन के माध्यम से चलाकर प्रॉफिट गेनिंग होने पर बेचा जा सकता है और उस पैसे से नई जगह डेवेलप की जा सकती हैं। इससे प्रदेश में अनेक पर्यटन स्थल विकसित हो जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मॉक ड्रिल

**मॉक ड्रिल**

- दूरसंचार सेवाओं की समय पर बहाली का किया गया परीक्षण

**संवाददाता**




देहरदून। दून जिले के सुद्धोवाला क्षेत्र में दिनांक 14 अक्टूबर को दूरसंचार विभाग की उत्तराखंड इकाई एवं एयरटेल द्वारा आपदा के दौरान दूरसंचार सेवाओं की बहाली हेतु तैयारियों का आकलन करने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल में आपदा के कारण मोबाइल टावर के बाधित होने की स्थिति में दूरसंचार सेवाओं की समय पर बहाली का परीक्षण किया गया।

आपदा में फंसे लोगों का पता लगाने और चेतावनी संदेश प्रसारित करके जीवन बचाने में दूरसंचार सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आपदा के बाद, दूरसंचार सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर बहाल किया जाना अति आवश्यक है क्योंकि दूरसंचार सेवाएं बचाव, राहत और पुनर्वास उपायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति के अनुसार आपदा के दौरान मोबाइल नेटवर्क के बहाली के लिए त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्निर्माण के लिए व्यापक योजना है। दूरसंचार विभाग ने आपदा के समय मोबाइल नेटवर्क में होने वाले नुकसान को कम करने और उसको बहाल करने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) जारी की है। यह मॉक ड्रिल इसी एस.ओ.पी. के तहत आयोजित की गई।

इस मॉक ड्रिल में एयरटेल के एक मोबाइल टॉवर को आपदा या आपात स्थिति के कारण उत्पन्न परिस्थिति का अनुकरण करते हुए बाधित किया गया। आपदा के प्रभाव और क्षति को कम करने के लिए एस.ओ.पी. में परिकल्पित गतिविधियों को एक साथ शुरू किया गया, जिससे कि दूरसंचार सेवाओं को समय पर बहाल किया जा सके। मॉक ड्रिल के दौरान, मोबाइल नेटवर्क की आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं उसकी उपलब्धता की जाँच की गई।

### युवक मंगल दल एवं महिला मगल दल को आर्थिक सहायता के लिए शासनादेश जारी

- सीएम ने की थी घोषणा, 22 करोड़ 24 लाख 50 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई
- युवक मंगल एवं महिला मंगल दल को स्वावलम्बन के लिए छः माह आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी

**संवाददाता** देहरदून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के क्रम में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के अन्तर्गत युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों को स्वावलम्बन के लिए 22 करोड़ 24 लाख 50 हजार रूपये की स्वीकृति का शासनादेश जारी कर दिया गया है। इस राशि से प्रदेश के युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों को छः माह आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोरोना काल में युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों के सराहनीय कार्य को देखते हुए छः माह आर्थिक सहायता की घोषणा की थी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।